# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे ‘‘मिशन शक्ति अभियान-4’’ के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

‘‘मिशन शक्ति अभियान-4’’ व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 17.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को ‘‘मिशन शक्ति’’ व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ‘‘एंटी रोमियो स्क्वायड’’ टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं

बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 17.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). माननीय राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री श्री मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी के लाभार्थियों को गृह प्रवेश/चाभी एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया और उड़ीसा में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलसीडी के माध्यम से दिखाया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र जिसमें फातमा, हसीना, शबनम, शरीफ आदि एवं 32 लाभार्थियों को चाबी वितरण जिसमें बृजरानी, मुन्नी देवी, राजकुमारी, कलावती, सुनीता,सुरेश आदि को वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री सच्चिदानंद प्रसाद ने मां प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मां विधायक मऊ मानिकपुर श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी, मां अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री लव कुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल, भाजपा के जिला प्रभारी श्री अनिल यादव, जिला सहकारी बैंक बांदा/ चित्रकूट के अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री श्री आलोक पांडेय सहित संबंधित अधिकारी, जन-प्रतिनिधि व लाभार्थी मौजूद रहे।

(4). मा0 राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/ जनपद प्रभारी मंत्री श्री मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) ने आज नगर पालिका द्वारा कार्यक्रम रामघाट पर व पंचायती राज विभाग द्वारा

आयोजित कार्यक्रम विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत शिवरामपुर में माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

माननीय जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट की पावन धरा रामघाट एवं विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत शिवरामपुर से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा प्रदेश में विकास कार्य कराए जा रहे हैं प्रदेश में गुंडाराज खत्म हुआ है शांतिपूर्ण ढंग से माताएं बहने बुजुर्ग रह रहे हैं हमारी सरकार में अच्छा कार्य हो रहा है उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि मां मंदाकिनी गंगा जी की और साफ सफाई कराई जाए।

स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री लव कुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल, जिला कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, जिला प्रभारी श्री अनिल यादव सहित संबंधित अधिकारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने रामघाट कि सीढ़ियों एवं शिवरामपुर में सीतापुर खोही तिराहा पर झाड़ू लगाया तथा कूड़ा कूड़े दान में डाला गया एवं फावड़ा लेकर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई गई तथा ग्राम पंचायत शिवरामपुर में पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम श्री ओमप्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्री लाल जी यादव, सहित संबंधित अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के श्री देव त्रिपाठी, श्री राजकुमार त्रिपाठी, श्री सुरेश अनुरागी, श्री प्रेमलाल वाल्मीकि, श्री रवि गुप्ता, श्री राकेश केसरवानी, भाजपा के जिला महामंत्री श्री अश्विनी कुमार अवस्थी सहित सभासद, ग्राम प्रधान शिवरामपुर, सचिव अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

(5). मा0 राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/ जनपद प्रभारी मंत्री श्री मनोहर लाल जी (मुन्नू कोरी) की अध्यक्षता में एवं मा0 विधायक मऊ मानिकपुर श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री लव कुश

चतुर्वेदी, पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक बांदा चित्रकूट के अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, भाजपा के जिला सगठन प्रभारी श्री अनिल कुमार यादव, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

माननीय प्रभारी मंत्री ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आज मेरा यह पहला दिन है और आज विकास कार्यक्रम एवं कानून व्यवस्था की बैठक की गई है सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जो विकास कार्यक्रम की बैठक हुई उसमें जिन बिंदुओं पर प्रगति कम है उन पर प्रगति कराए इस बैठक की कार्यवाही बनाकर अगली बैठक पर रखा जाए ताकि समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुझे जनपद का प्रभारी मंत्री बनाकर जनपद के विकास के लिए जिम्मेदारी दी है जो कमियां हो उनको अवगत कराया जाए ताकि प्रदेश सरकार से निस्तारण कराया जा सके विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए अगर मुझे किसी विभाग की शिकायत मिली तो मैं सीधे मुख्यमंत्री जी से शिकायत करके कार्यवाही कराऊंगा इसके जिम्मेदार संबंधित अधिकारी होंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाए कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए सभी विभाग के अधिकारी अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें । उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जो विभाग तथा अधिकारी आपके कार्यों के लिए सुने नहीं तो अवगत कराया जाए उनके खिलाफ भी कार्यवाही कराई जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत विलो में सुधार कराया जाए उपनिदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के जो लाभार्थी शेष है उनको लाभ दिलाया जाए तथा यमुना के किनारे के गांव के किसानों की जो फसल बाढ़ से प्रभावित हुई है उसकी जांच कराकर किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए । क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो पर्यटन विकास के कार्य चल रहे हैं उसकी सूची बनाकर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि गोबंशों का संरक्षण शत प्रतिशत कराए ताकि किसानों की फसलों को बचाया जा सके और पशुओं का नस्ल सुधार कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजापुर तथा राजकीय इंटर कॉलेज ममसी बुजुर्ग का जो निर्माण कार्य अधूरा है उसकी जांच कराकर संबंधित कार्यदाई संस्था से पूरा कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए लघु डाल के अधिकारियों से कहा कि पंप कैनाल का पानी टेल तक अवश्य पहुंचाया जाए ताकि किसानों को कोई समस्या न हो। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह से कानून व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि महिला संबंधी

मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा शासन के निर्देशों के क्रम में कानून व्यवस्था जनपद में कायम रहे।

बैठक का संचालन करते हुए जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन ने माननीय प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि मैं सभी अधिकारियों की तरफ से आश्वासन देता हूं कि इस बैठक में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं उसका अनुपालन अगली बैठक से पहले कराया जाएगा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम श्री ओमप्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री बीके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संतोष कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।